# 89 वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव मनाया

**भरतपुर ।** प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय विश्व शांति भवन भरतपुर सेवाकेंद्र की ओर से मूडौता ब्रह्माकुमारी पाठशाला पर 89 वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव का कार्यक्रम बड़े उमंग उत्साह के साथ मुख्य अतिथि भ्राता कुंवर सिंह, ततामड़ पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा भरतपुर एवं वरिष्ठ राजयोगिनी ब्र. कु. प्रवीणा बहिन की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ आज का कार्यक्रम बहुत ही खूबसूरत एवं आनंददाई रहा ब्रह्मा कुमारी बहिनों के द्वारा आज जीवन में पहली वार इस बात का पता चला हम एक आत्मा हैं और परमात्मा शिव हमारे पिता हैं हमें हमेसा सत्य मार्ग पर चलकर एक ईश्वर का स्मरण करना चाहिए ये उदगार मुख्य अतिथि के रूप में भ्राता कुंवर सिंह, ततामड, पूर्व जिला उपाध्यक्ष, भाजपा, किसान मोर्चा, भरपुर ने कार्यक्रम में व्यक्त किये। परमात्मा शिव इस कलीकाल की बेला में एक साधारण मानव के तन में प्रवीष्ट होकर सृस्टि परिवर्तन का कार्य कर रहे हैं ध्यान रहे "अभी नहीं तो कभी नहीं" ये उदगार वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्र. कु. प्रवीणा बहिन ने व्यक्त किये।

कार्यक्रम की शुरुआत ईश्वरीय स्मृति के गीत के साथ "ऐ आत्माओ सुन लो शिव का ये शुभ संदेश "ब्र. कु. रजनी बहिन ने की एवं ब्रह्मा कुमारी जागृति बहिन ने सभी को परमात्मा का सत्य परिचय दिया परमात्मा का नाम शिव हैं शिव अर्थात कल्याणकारी, रूप में ज्योति बिंदु स्वरुप, परमधाम का निवासी हैं एवं पतित सृष्टि को पावन बनाता हैं ब्र.कु.संजय भाई ने कुशल मंच संचालन किया एवं कुमारी लवी ने सभी का स्वागत नृत्य से स्वागत किया। कार्यक्रम से पूर्व पूरे गाँव में प्रभात फेरी निकाली गई एवं परमात्मा शिव के अवतरण का उद्घोष करते हुए नारे लगाए एवं शिव ध्वजा रोहण किया। इस अवसर पर गाँव के मुखिया भ्राता सरेन्द्र भाई, चेतराम, भगवान सिंह एवं दिनेश पंडित जी एवं ब्रह्मा कुमारी पाठशाला की इंचार्ज ब्र. कु. राजेश माता जी, मुन्नी, सेकड़ों भाई बहिन उपस्थित रहे ।कार्यक्रम के लास्ट में सभी ईश्वरीय प्रसाद भेंट किया

# खेलों के लिए समर्पित रहे नरेंद्र माथुर का हुआ निधन

**करौली ।** युवावस्था से वृद्धावस्था तक खेलों को अपना जीवन समर्पित करने वाले नरेंद्र माथुर को करौली में खेलों का मसीहा माना जाता है खेलों के विकास के लिए सक्रिय रहने पर जिला प्रशासन करौली द्वारा वर्ष 1980,1981 एव 1986 में गणतन्त्र दिवस पर मिले सम्मान के अलावा राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद द्वारा इन्हें 1983 में 'खेल श्री' कि उपाधि से विभूषित किया गया राजस्थान कबड्डी संघ द्वारा इन्हें कबड्डी खेल का विशेषज्ञ मानते हुए प्रदेश स्तरीय चयन समिति में सम्मिलित किया गया। जिनका शनिवार को निधन हो जाने पर मासलपुर गेट स्थित मोक्ष धाम मे उनके पुत्रो नवनीत माथुर,'यामेंद्र माथुर द्वारा अंतिम संस्कार किया गया।

इतिहासकार बेणुगोपाल शर्मा ने बताया कि करौली कि कायस्थ खिडकिया के मध्यम वर्गीय परिवार के नरेंद्र माथुर का जन्म 4 सितम्बर 1937 को हुआ स्थानीय मिडिल स्कूल में प्रारंभिक शिक्षा के बाद हाई स्कूल करौली से ही 1956 में मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण कि अध्ययन काल में 1955 में विद्यालय कि टीम के जनरल केप्टीन रहे हाई स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण करने के साथ ही 14 जुलाई 1956 को विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में कनिष्ठ लिपिक बन गए बाल्यकाल से खेलों में विशेष रुचि के कारण लिपिक पद से अध्यापक पद परिवर्तन कराके 1958 में राजकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय जोधपुर से एक वर्षीय प्रमाणपत्र कोर्स पास किया माथुर ने प्रशिक्षण के बाद हायर सेकंडरी स्कूल मंडावर में शारीरिक शिक्षक पद पर नियुक्ति हुई 2 वर्ष तक विशेष परिश्रम से 1960 में इस विद्यालय की कबड्डी टीम जिला विजेता रही बालिका विद्यालय कि प्रधानाध्यापिका कि मांग पर दिसम्बर 1961 में करौली स्थानांतरण हुआ

जहां 30 वर्ष तक सेवाएँ दीं सेवा अवधि में 1964 में स्नातक,1968 में इतिहास विषय से अधिस्नातक तथा 1970 में शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय बीकानेर से शिक्षा स्नातक उपाधि प्राप्त की खेलकूदों के साथ साथ सेकंडरी कक्षाओं का अध्यापन कार्य भी किया स्थानीय विद्यालय में सेवा देते हुए मातृभूमि का ऋण चुकाने के लिए भरसक प्रयास किया।

1964 में अजमेर में सम्पन्न राज्य स्तरीय बेडमिंटन युगल प्रतियोगिता में करौली की टीम विजयी रही 1980 में तत्कालीन सवाई माधौपुर-करौली संयुक्त जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष बने तथा करौली की छात्रा टीम को राज्य स्तर पर 3 बार विजेता एव 4 बार उप विजेता का खिताव मिला।

इस अवधि में यहाँ की छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला करौली में खेलकूदों के समुचित विकास के लिए 1961 में खेल परिषद का गठन करके व्यापक स्तर पर प्रतियोगिताओं के आयोजन कराये गए 1970 से 1986 के बीच दस बार अखिल भारतीय वालीबाल प्रतियोगिता आयोजित कराई गईं।

1981 में राजस्थान केसरी कुश्ती दंगल तथा 1980 एव 1998 में राजस्थान कबड्डी सीनियर बर्ग प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया

माथुर ने कबड्डी संघ के अध्यक्ष के अलावा जिला खेलदूकूद परिषद तथा जिला ओलंपिक संघ के सचिव पद को नवाजा शिक्षा विभाग एव सार्वजनिक खेल जगत कि सेवा करते हुए सितम्बर 1995 में व्याख्याता पद से सेवा निवृत हो गये मुंशी त्रिलोक चंद माथुर स्टेडियम के निर्माण विकास एव खेलकूद गतिविधियों के उन्नयन में जीवन के अंत तक माथुर का मार्गदर्शन खिलाड़ियों को मिला शनिवार को नरेन्द्र माथुर के निधन कि सूचना मिलते ही खेल प्रेमियो मे शोक कि लहर दौड गई उनके अंतिम संस्कार मे विभिन्न संगठनो,संस्थाओ के अलावा सर्व समाज के प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# सामूहिक परामर्श शिविर किया

**भरतपुर ।** बॉम्बे हॉस्पिटल जयपुर से आज चिकित्सकों का दल जिसमें डॉक्टर नीरज शर्मा कार्डियोथोरेसिक सर्जन के साथ डॉक्टर शिवम सेठी गैस्ट्रोइंट्रोलॉजिस्ट, डॉ शुभम गुप्ता न्यूरोलॉजी , डॉ अंकिता जैन प्लास्टिक सर्जन एवं डॉ रोहन ऑर्थोपेडिक्स एंड स्पाइन सर्जन ने सामूहिक परामर्श शिविर किया। बॉम्बे हॉस्पिटल के इन चिकित्सकों की सेवाएं हर माह के तीसरे शनिवार को ऋगवेद हॉस्पिटल पर यथावत रहेगी।। कार्डियक , न्यूरोलॉजी , छाती पेट एवं उदर के रोग, स्पाइन सर्जरी एवं प्लास्टिक सर्जरी जिसमें कटे फटे तालु, होठ और जन्मजात विकृति के रोग है की सर्जरी की जा सकती है के संबंध में हर महीने के तीसरे शनिवार को संपर्क कर सकते हैं जिनका निशुल्क परामर्श उचित सलाह दिए जाने का बीड़ा बॉम्बे हॉस्पिटल के द्वारा उठाया गया है जो निश्चित रूप से भरतपुर के मरीजों को बहुत राहत दिलाने वाला है एवं आर्थिक रूप से होने वाली हानि को बहुत कम किया जा सकता है। इन भावनाओं के साथ में बॉम्बे हॉस्पिटल जयपुर की टीम यहां कार्य करेगी और भरतपुर की जनता इसका समय पर फायदा उठाएं। ऋगवेद हॉस्पिटल डॉक्टर ऋतु चौधरी प्रबंधक ऋगवेद हॉस्पिटल ने भी भरतपुर की जनता जनार्दन को आठाह किया कि ऐसे मौके पर अधिक से अधिक संख्या में लोग निःशुल्क परामर्श लें एवं उचित मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए बीमारियों से निजात पाए । शिविर में स्त्री रोग एवं बांझपन विशेषज्ञ डॉक्टर ऋतु चौधरी प्रबंधक ऋगवेद हॉस्पिटल ने भी परामर्श दिया व प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस के दिन आई महिलाओं की निःशुल्क सोनोग्राफी भी की।।

# भागवताचार्य का सम्मान

**भरतपुर ।** आज रघुनंदन मैरिज होम,भरतपुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में श्री ब्राह्मण सभा, भरतपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा के नेतृत्व में विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा व्यास पंडित गोपाल दास जी महाराज (वृंदावन धाम वाले) का पटका, माला, साफा पहनाकर व श्री बांकेबिहारी जी का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया व श्रीमद्भागवत गीता का पूजन किया एवं कथा के यजमान अशोक कुमार उमंग खंडेलवाल एवं उनकी पत्नी का भी स्वागत सम्मान किया गया।

आयोजित श्रीमद्भागवत गीता कथा में कथावाचक भागवताचार्य पंडित गोपाल दास जी महाराज ने व्यास गद्दी राम विवाह, कैकेई द्वारा राजा दशरथ से वर मांगना, कृष्ण जन्म का वर्णन किया साथ ही भागवत कथा सुनने के महत्व पर भी प्रकाश डालते हुए सनातन धर्म की व्याख्या की । संगीत में श्री भागवत कथा में महिलाओं ने भाव विभोर होकर के नृत्य किया । आज की कथा में श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा, सेवानिवृत्ति सहायक लेखा अधिकारी ईश्वरी प्रसाद शर्मा, विप्र फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष डॉ. सुशील पाराशर, गायत्री परिवार के वैद्य गिरीश शर्मा, युवा नेता एवं समाजसेवी मनीष तिवारी, अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के जिलाध्यक्ष राजेंद्र भारद्वाज, समाजसेवी राजेंद्र शर्मा जति, समाजसेवी राजन भारद्वाज, युवा नेता सागर चतुर्वेदी, समाजसेवी अजीत लवानियां, श्री ब्राह्मण सेवा समिति के वरिष्ठ सदस्य पंडित बनवारीलाल शर्मा, एलआईसी के लालचंद शर्मा आदि ने भी श्रीमद्भागवदाचार्य का सम्मान किया व व्यास गद्दी का पूजन किया। कथा की समाप्ति पर व्यास जी महाराज ने सभी विप्र जनों को पटका पहनाकर आशीर्वाद दिया। कथा के यजमान अशोक कुमार उमंग खंडेलवाल ने उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# डॉ. गर्ग ने शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों का किया दौरा

**भरतपुर ।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग शनिवार को भरतपुर विधानसभा क्षेत्र के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों का किया दौरा।

डॉ. गर्ग के शहर दौरे के दौरान गोपालगढ़ मोहल्ला स्थित आनंद स्कूल के पास कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर डॉ. गर्ग ने क्षेत्र के विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की और स्थानीय मुद्दों को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर डॉ. दयाचंद पचौरी, उपप्रधान ओमप्रकाश हथेनी, प्रेम सिंह प्रजापत, अशोक ताम्बी, साहब सिंह, बच्चू सिंह सरपंच, बिजेंद्र सेवादल, रनवीर धौरमुई, दिगम्बर खटाना, नरेश लवानियां, तेजप्रकाष शर्मा, मनोज शर्मा पिक्चर पेलेश, अमित गोरावर, रविंद्र गांधी, शुभम सैनी सहित कई गणमान्य व्यक्ति इस समारोह में उपस्थित थे।

दौरे के दौरान विधायक डॉक्टर सुभाष गर्ग ने रणजीत नगर कार्यालय पर जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों से आये आमजन की बिजली, पानी, सड़क आदि की समस्याएं सुनकर संबंधित विभाग को तुरंत कारवाई के निर्देश दिए गए।

....

# रक्तदान करना सर्वश्रेष्ठ कार्य : भूपेंद्र अवस्थी

**हिंडौन सिटी ।** रक्तदान करना सबसे श्रेष्ठ कार्य है ऐसा करके रक्तदाता को सबसे असीम सुख मिलता है क्योंकि ज़रूरतमन्द को समय पर रक्त उपलब्ध होने से व्यक्ति ही नहीं पूरा परिवार सुरक्षित होता है।

भारत विकास परिषद्, शाखा हिण्डौन सिटी द्वारा आगामी 23 फरवरी को आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान महोत्सव की सफ़लता के लिए सेमिनार को संबोधित करते हुए यह उदगार अवस्थी क्लासेज के निदेशक भूपेन्द्र अवस्थी ने व्यक्त किए।

शाखा के रक्तदान प्रकल्प प्रभारी मोहित मित्तल ने बताया कि भारत विकास परिषद्, शाखा हिण्डौन सिटी द्वारा आयोजित 55वें स्वैच्छिक रक्तदान शिविर की सफ़लता के लिए आज स्थानीय स्टेशन रोड़ स्थित अवस्थी क्लासेज एवम् बनकी रोड़ स्थित श्री राजीव गांधी सर्वोदय विकास संस्थान, हिण्डौन सिटी में सेमिनारों का आयोजन किया गया। सेमिनारों को परिषद् के प्रांतीय शाखा समन्वयक सुबोध जैन, विकलांग सहायता एवम् पुनर्वास प्रभारी देवेन्द्र शर्मा, शाखा संरक्षक अशोक गर्ग, रूक्मणी डेंटल हॉस्पिटल से डॉ हेमलता गोयल, कार्यकारिणी सदस्य संजीव गुप्ता, खुशबू गुप्ता एवम् श्री राजीव गांधी सर्वोदय विकास संस्थान के निदेशक भविष्य भारद्वाज, प्रिंसिपल डॉ मगन लाल शर्मा आदि ने सम्बोधित कर सभी से रक्तदान शिविर में हरसंभव सहयोग करने का आव्हान किया।

शाखा अध्यक्ष उपेन्द्र गुप्ता ने बताया कि आगामी 23 फरवरी को भारत विकास परिषद्, शाखा हिण्डौन सिटी द्वारा स्थानीय राजकीय जिला चिकित्सालय, मोहन नगर, हिण्डौन सिटी में प्रातः 9 बजे से शाम 3 बजे तक स्वैच्छिक रक्तदान महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। शिविर में जयपुरिया अस्पताल, जयपुर एवम् जिला चिकित्सालय, करौली की ब्लड बैंक की टीमें रक्त संठाहण करेंगी। परिषद् द्वारा भामाशाह देवेन्द्र मित्तल, प्रदीप मित्तल एवम् मोहित मित्तल के सहयोग से यह शिविर श्रीमती सुशीला देवी मित्तल की द्वितीय पुण्यतिथि पर आयोजित किया जा रहा है। शाखा सचिव दीनदयाल सिंघल ने बताया कि परिषद् द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान महोत्सव की सफ़लता के लिए शहर में जगह जगह बैनर, पोस्टर लगाए जा रहे हैं वहीं लोगों से अनवरत सम्पर्क कर नियमत व नए रक्तदाताओं को रक्तदान के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया जा रहा है।

# इनामी बदमाश पकड़ा

**रूपवास ।** थाना पुलिस के कांस्टेबल सुनील कुमार व राजवीर सिंह ने एक बार फिर अदम्य साहस का परिचय दिया। बसेड़ी इलाके में वारदात की फिराक में घूम रहे 10 हजार रुपये के इनामी मच्छर गैंग के सरगना जयसिंह को गिरफ्तार कराने में सफलता हासिल की। बसेडी थानाधिकारी ब्रजेश मीणा ने बताया कि मच्छर गैंग के सदस्य रूपवास इलाके में 2 माह पूर्व व्यापारी के घर डकैती डालने की योजना बना रहा था। तब कांस्टेबल राजवीर सिंह व सुनील कुमार ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए इसके साथियों को रेलवे लाइन के सहारे से गिरफ्तार किया था। जब जयसिंह उर्फ मच्छर भाग गया था। इस पर पुलिस अधीक्षक ने इसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया। तो एक बार फिर कांस्टेबल राजवीर सिंह व सुनील कुमार बसेडी इलाके में इस गिरोह के सरगना जयसिंह उर्फ मच्छर की तलाश में घूम रहे थे। तभी जयसिंह मच्छर के झील की तरफ होने की जानकारी मिली। इस पर राजवीर सिंह व सुनील कुमार ने बसेड़ी पुलिस की मदद से जयसिंह उर्फ मच्छर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली। जिसके कब्जे से 315 बोर का एक कट्टा व 7 जिंदा कारतूस मिले। इस पर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

# प्रयास संस्था द्वारा आयोजित हुआ कन्यादान कार्यक्रम

**भरतपुर ।** प्रयास संस्था द्वारा आयोजित कन्यादान कार्यक्रम सेक्टर-3 पर किया गया प्रयास संस्था की अध्यक्ष अंजू मित्तल ने बताया कि संस्था द्वारा 2 कन्याओ गौरी, राजवती को कन्यादान का सामान दिया गया।

प्रयास संस्था द्वारा समय समय पर समाज के लिए कार्य किया जाता रहता हैं संस्था द्वारा जनवरी माह में भी 3 कन्याओं के लिए कन्यादान का समान दिया गया था।

प्रयास संस्था द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर कन्याओ की शादी हेतु कन्यादान का सामान दिया गया और उनके मनोरंजन के लिये गीत का कार्यक्रम भी रखा गया।

कन्याये कार्यक्रम को देख कर बहुत प्रसन्न हुई। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं द्वारा कहां कि कन्यादान न केवल हमारी परंपरा है बल्कि सामाजिक एकता व सेवा का प्रतीक है और प्रयास संस्था ने आगे भी यह कार्यक्रम करते रहने की बात कही।

संस्था की सिपिका गोयल ने कहा कि हर लड़की के सपने होते हैं उन सपनों को पूरा करने का थोड़ा सा प्रयास प्रयास सस्था द्वारा किया जा रहा है

संस्था द्वारा कन्याओं को सामान में सोने की नाक का काटा, चाँदी का मंगलसूत्र, अगूठी (लडके एवं लडकी दोनो के लिए), चांदी की पायल, बिछुआ, मिक्सी, डिनर सेट, अटैची, सिलाई मशीन, कंबल 11 -11 साड़ी एक कन्या के लिए 5 -5 सॉल, 5-5 पेंट शर्ट, लहगां, कार्डिगन, रजाई, तकिया, चद्दर, कुकर, कड़ाई, बर्तन, टंकी कवर, नगद रुपये, आदि दिया गया और लडकियों को शुभकामानाऐं व आर्शीवाद दिया।

प्रयास संस्था भरतपुर को दो साल पूरे होने पर स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जो कि ठाामीण हाट कंपनी बाग में 18 फरबरी को शाम 4 बजे से जिसमे बच्चे महिलाए और पुरुष भी भाग ले सकेंगे

कन्यादान कार्यक्रम में, भारती सिंह, सोनल गुप्ता, डिम्पल, मीरा गोयल, रंजना पाराशर, टीना, नीतू गुप्ता, शशि गुप्ता, आरती, ममता जैन, संध्या, निधि गोयल, गुन्जन, रीना बंसल, अलका गर्ग, अर्चना मित्तल, अंशू, मंजू, लीना, पंकज, शोभा, शकुंतला, सुनीता, पूजा, योगिता, नूतन, सभी सहयोगी रहें।

# राजस्थान की धरा पर आध्यात्मिक चेतना का दिव्य संचार

- 'निरंकारी यूथ सिम्पोजियम' में युवा ऊर्जा के संग हाडोती के युवाओं ने लिया भाग

**बूंदी।** 16 को आयेजित होने वाले उदयपुर में होने वाले संयुक्त भव्य निरंकारी संत समागम से पूर्व युवाओं को प्रेरित करने और उनकी सकारात्मक ऊर्जा को रचनात्मक दिशा प्रदान करने के उद्देश्य से 14 एवं 15 फरवरी को 'निरंकारी यूथ सिम्पोजियम' का आयोजन किया गया, जिसमें युवा ऊर्जा के संग हाडोती के युवाओं ने सहभागिता करते हुए आध्यात्मिक चेतना का दिव्य संचार आत्मसात किया।

मीडिया सहायक महेश चांदवानी ने बताया कि इस विशेष आयोजन में बूंदी जिले के 50 से अधिक युवा श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर विविध प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को आत्मिक शांति, अनुशासन और प्रेम के मार्ग पर अठासित करने का प्रयास किया गया। यह सिम्पोजियम केवल एक कार्यक्रम भर नहीं था, अपितु इसका उद्देश्य युवा पीढ़ी को आध्यात्मिकता से जोड़ते हुए उनमें सेवा, एकता और समर्पण की सच्ची भावना को जागृत करना था।

संयुक्त भव्य निरंकारी संत समागम की तैयारियां अंतिम दौर में परम श्रद्धेय सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं सत्कार योग्य निरंकारी राजपिता रमित जी की पावन छत्रछाया में 16 फरवरी 2025 को होने वाले गुजरात और राजस्थान के संयुक्त राज्य स्तरीय निरंकारी संत समागम के शुभ आयोजन की तैयारियों में समर्पित भक्तगण तन, मन और धन से तल्लीन हैं, जिससे यह समागम एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक आध्यात्मिक संगम के रूप में स्थापित हो सके। समागम स्थल पर सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं ताकि प्रत्येक श्रद्धालु को दिव्यता और भक्ति का अद्भुत अनुभव प्राप्त हो। भक्तजन पूरी निष्ठा और सेवाभाव से समागम स्थल को स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित बनाने में योगदान दे रहे हैं। लंगर, प्याऊ, चिकित्सा सुविधा, पार्किंग और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। स्थानीय प्रशासन भी इस आयोजन की सफलता हेतु पूर्ण सहयोग प्रदान कर रहा है। मीडिया सहायक महेश चांदवानी ने बताया कि इस पावन संत समागम में प्रेम, शांति और एकता की दिव्य धारा प्रवाहित होगी, जो संपूर्ण मानवता को आध्यात्मिक जागरण की ओर प्रेरित करेगी। सतगुरु माता जी की दिव्य वाणी से श्रद्धालु भक्त सद्भाव, समर्पण और आत्मिक उत्थान का अमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर बूंदी ब्रांच सहित राजस्थान, गुजरात, आसपास के क्षेत्रों तथा ठाामीण अंचलों से बड़ी संख्या में भक्तजन एकत्रित होकर इस दिव्य महासंगम के साक्षी बनेंगे और सत्संग के मधुर आनंद का रसपान करेंगे।

# शिविर में 3500 लोगों की हुई निशुल्क जांच

**गंगापुर सिटी ।** समीपवर्ती मीना बडौदा गांव में श्री रामकिशन मीणा एवं सुकुमा देवी स्मारक सामाजिक विकास न्यास द्वारा एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आईएएस हरसहाय मीणा की पहल पर आयोजित इस शिविर में भरतपुर संभाग के चिकित्सा विभाग की टीम ने सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में विशेष मोबाइल कैंसर निदान बस के साथ ओंकोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. चरणसिंह और उनकी टीम ने 192 लोगों की आंखों की जांच और 157 लोगों की कैंसर पूर्व जांच निःशुल्क की। एसएमएस हॉस्पिटल, जयपुर के नोडल प्रभारी डॉ. सुरेशसिंह ने विभिन्न प्रकार के कैंसर, उनके लक्षण और बचाव के उपायों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। शिविर का उद्देश्य केवल स्वास्थ्य जांच तक सीमित नहीं था। इस दौरान 552 विद्यार्थियों को कपडे के थैले और अध्ययन सामग्री वितरित की गई। साथ ही, विद्यार्थियों और ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण की शिक्षा दी गई, जिसमें प्लास्टिक के उपयोग से बचने पर विशेष जोर दिया गया। सामाजिक विकास न्यास ने भविष्य में विद्यालय और गांव के विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करने का संकल्प लिया है। साथ ही, आने वाले समय में सभी विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए और शिविर लगाने की घोषणा की है। शिविर में बडी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर इस सुविधा का लाभ उठाया।

# पीयूष जीपीएल 9 का फाइनल मैंच आज

- जीजीसी हंटर्स ने जीता सेमीफाइनल
- आज डीएस साइंस एकेडमी एवं जीजीसी हंटर्स में होगी खिताब के लिए जंग

**गंगापुर सिटी ।** नई दिशा सोसायटी के तत्वाधान में चल रही पीयूष जीपीएल-9 के शनिवार को हायर सेकेंडरी स्कूल के खेल मैदान पर सेमीफाइनल मैच खेला गया। खेल मैदान में चल रही जीपीएल 9 क्रिकेट प्रतियोगिता में सेमीफाइनल मुकाबला जीजीसी हंटर्स और जीजीसी रॉयल रेंजर्स के बीच खेला गया। इस मैच में टॉस के बॉस नीरज मिश्रा और रोहित क्रिएटिव स्कूल रहे। टॉस जीतकर जीजीसी हंटर्स ने पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। सलामी बल्लेबाज कप्तान नंदू तोमर ने 58 रन और युवराज मीना ने 23 रन बनाकर पहले विकेट के लिए 84 रनों की साझेदारी कर अपनी टीम को मजबूत शुरुआत दी। इसके बाद के सभी बल्लेबाजों ने अपनी टीम के लिए उपयोगी पारी खेली।

जिससे जीजीसी हंटर्स ने 20 ओवर में 187 रन का विशाल स्कोर खडा किया। इस विशाल स्कोर के पीछा करने उतरी जीजीसी रॉयल रेंजर्स की ओर से शोभित मिश्रा ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 55 गेंदों पर 83 रन बना कर मैच को बेहद रोमांचक मोड पर ला दिया। लेकिन शोभित के आउट होते ही मैच का पासा पलट गया। जीजीसी रॉयल रेंजर्स की ओर से दूसरे सफल बल्लेबाज भागीरथ रहे जिन्होंने अपनी टीम के लिए 29 रन बनाए। समी उल हक ने अपने 4 ओवर में मात्र 15 रन खर्च कर सबसे किफायती बोलर रहे। अंत में जीजीसी हंटर्स ने 18 रनों से इस रोमांचक मुकाबले में जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। इस मैच में बोलर ऑफ द मैच, मैन ऑफ द मैच नरेंद्र सिंह तोमर, सिक्स ऑफ द मैच पिंटू टूटियावास, कैच ऑफ द मैच अयान रहे। रविवार को डीएस साइंस एकेडमी और जीजीसी हंटर्स के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। मैच के दौरान नई दिशा सोसायटी के सदस्यों सहित काफी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# छात्रों ने खगोलीय गतिविधी की प्राप्त की जानकारी

**गंगापुर सिटी ।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल के छात्रों ने राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत जयपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने शास्त्री नगर स्थित विज्ञान पार्क में तारामंडल में खगोलीय गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही उन्होंने 3डी मूवी देखी और जैविक गतिविधियों का अध्ययन किया। विज्ञान पार्क में छात्रों ने विज्ञान के रोचक मॉडल्स, इनोवेशन हब और फन पार्क का भ्रमण किया। टेक्नोलॉजी पार्क में बच्चों को तकनीकी के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए न केवल शैक्षणिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि मनोरंजक भी रहा। प्रधानाचार्य ओमप्रकाश बैरवा के नेतृत्व में यह शैक्षणिक यात्रा संपन्न हुई। इस दौरान गिर्राज प्रसाद शांडिल्य, धर्मेंद्र कुमार गुप्ता, राम अवतार गुर्जर और महेंद्र कुमार शर्मा शिक्षक के रूप में छात्रों के साथ मौजूद रहे।

# नौ दिवसीय शिव महापुराण कथा 17 फरवरी से, 10 दिनों तक प्रवाहित होगी धर्म की गंगा

**कोटा, (निसं)।** पूरे देश में 525 शिवलिंग के लिए विख्यात थेगड़ा स्थित शिवपुरीधाम आश्रम पर शिव महापुराण कथा का आयोजन 17 फरवरी से 25 फरवरी तक होने जा रहा है। इस अवसर पर 26 फरवरी को मंदिर परिसर में कई धार्मिक आयोजन होंगे। दस दिवसीय धार्मिक आयोजनों को लेकर भगवान शिव के भक्तजनों में अपार उत्साह है। शिवपुरीधाम के संचालक महंत नागा बाबा सनातनपुरी महाराज ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि महोत्सव एवं राणा रामपुरी महाराज की 37वीं पुण्यतिथि के अवसर पर कथा का शुभारंभ 17 फरवरी को गणेशपूजन व कलश यात्रा के साथ होगा। कलश यात्रा प्रातः 11 बजे मंदिर परिसर में अमृत सरोवर जलकुण्ड पर विधिवत रूप से पूजा-अर्चना कर निकाली जाएगी। कलशयात्रा में 101 कलश धारण किये महिला श्रद्धालु शामिल होंगी। कथा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से सायं 5 बजे तक चलेगी। कथा का वाचन आचार्य भागवत भूषण मानस मर्मज्ञ शास्त्री नारायण लाल शर्मा के मुख से होगा। सनातनपुरी महाराज ने बताया कि कार्यक्रम की श्रृंखला में 23 फरवरी से तीन दिवसीय नव-कुण्डीय महारूद्री यज्ञ होगा, जिसमें नवकुण्डों पर तीन दिन तक सुबह 8 बजे से 12.30 बजे तक भक्तजनों द्वारा लाखों आहूतियां दी जाएंगी।

# डंडा रोपण करने के साथ होती हैं होली की शुरुआत

**भुसावर ।** प्यार और स्नेह का रंगीला पर्व, त्योहार होली जैसे-जैसे नजदीक आता जा रहा है वैसे ही कस्बा भुसावर सहित ठाामीण अंचल के विभिन्न घरों में होलिका दहन की तैयारियो में जुट गए हैं। होलिका दहन का शुभारंभ फागुन मास लगते ही होली का डंडा रोपण के साथ शुरू होता है। जहां घरों में महिलाएं पौराणिक मान्यताओं के अनुसार एवं ब्रज की संस्कृति को साकार करने के लिए गाय के गोबर से गलुरी, बलूरी और ढाल बनाने में जुट गए हैं। वही विद्वान पंडितो महेश चन्द जती, राघवेंद्र शर्मा, राजेश कुमार शुक्ला, बबलू नवारिया ने जानकारी देते हुए बताया कि माघ मास की पूर्णिमा को होली का डंडा रोपा जाता है। पर्यावरण को बचाने के लिए अरंडी, गूलर की सूखी लकड़ी का डंडा रोपण करना चाहिए। गीली लकड़ी का डंडा रोपने एवं काटने से ठाहों के रूष्ट होने का खतरा बना रहता है। वहीं कस्बा भुसावर निवासी महिला पुष्पा सैन, रेनू, चंचल शर्मा, लक्ष्मी जती ने जानकारी देते हुए बताया कि फाल्गुन माह लगते ही होलिका दहन की तैयारी शुरू होती हैं जिसमें गाय के गोबर से बलुरी, गिलूरी होरा, होरी, नारियल, कंगी, डोरा, चंदा, सूरज आदि बनाते हैं। वहीं महिला कल्पना मित्तल, आशा, मंजू ने जानकारी देते हुए बताया कि होलाष्टक लगने के बाद एकादशी जिसे रंग भरी एकादशी कहा जाता है के दिन ढाल बनाते हैं जिन्हें होली के दिन हरि दूब, चावल, रोली, गुलाल, मिष्ठान अर्पित करते हुए पूजा अर्चना की जाती है। तत्पश्चात होली के दिन शुभ मुहूर्त में घर के बच्चे, युवतिया, युवक गिलुरी बलूरी को माला में पिरोकर पांच, 11, 21 आदि की शुभ संख्या में बनाते हैं। और तलवार नुमा खाडे में गिलुरी, बलूरी की माला को लगाकर होलिका दहन पर ले जाते हैं और वहीं शेष बची गिलुरी, बलुरी को पात्र में रखकर सिर पर रखते हुए रास्ते में भजन, कीर्तन करते हुए होलिका दहन स्थान पर ले जाते हैं वही मार्ग में बने मंदिरों, देवालयों के साथ धार्मिक स्थलों पर डालते हुए भगवान से परिवार में सुख, शांति, समृद्धि के साथ क्षेत्र में खुशहाली की प्रार्थना की जाती है। वही शेष बची बलुरी, गलूरी को एक स्थान पर डाला जाता है जहां गांव के गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में होलिका दहन किया जाता है।

# राजस्थान के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को किया याद

- भाषण प्रतियोगिता हुई आयोजित

**भरतपुर ।** लोहागढ़ विकास परिषद् एवं जिला प्रशासन भरतपुर के 292 वें स्थापना दिवस कार्यक्रमों में मास्टर आदित्येन्द्र स्मृति भाषण का आयोजन रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय के सभागार में सम्पन्न हुई। भाषण प्रतियोगिता संयोजक प्रोफेसर डॉक्टर अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता में इक्कीस प्रतिभागियों ने भागीदारी की । वक्ताओं ने राजस्थान के उन रणबांकुरों को याद किया जिन्होंने मातृभूमि को गुलामी की बेड़ियों से मुक्ति दिलाई। समन्वयक योगेश शर्मा ने बताया कि इस भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जन सामान्य वर्ग के डॉ0 कृष्णा कन्हैया शर्मा द्वितीय स्थान एम.एस.जे.महाविद्यालय की नंदिनी सिंह एवं तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से मारुति नंदन टी टी कॉलेज के यशस्वी कटारा तथा श्री अठासेन महिला पीजी कॉलेज की कृष्णा गुर्जर ने प्राप्त किया।प्रतियोगिता निर्णायक मंडल में एम.एस.जे. कॉलेज के पूर्व प्राचार्य उमेश चतुर्वेदी, संस्कृत विभाग के सेवानिवृत्ति संभाग अधिकारी डॉक्टर हरिओम गौतम दिवाकर एवं शिक्षाविद् डॉ.सतीश भारद्वाज रहे। इस अवसर पर मास्टर आदित्येन्द्र स्मृति ट्रस्ट अध्यक्ष एवं आयोजक संजीव गुप्ता,स्थापना दिवस संयोजक अनुराग गर्ग,महिला अधिकारिता विभाग उपनिदेशक राजेश चौधरी,आर डी गर्ल्स कॉलेज प्राचार्या डॉक्टर सुजाता चौहान, अकादमी अकादमिक प्रभारी डॉक्टर करुणा गौड़, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समिति प्रभारी डॉ.रजनी वशिष्ठ,मोहन मित्तल, राहुल बंसल,सुरेश चतुर्वेदी, महेंद्र गोठी, विजय सिंह, मनीष उपाध्याय, मुरारीलाल,कपिल बंसल के साथ श्रोताओं की उपस्थिति रही।मीडिया प्रभारी नरेंद्र निर्मल ने बताया कि इससे पूर्व प्रातः 7 बजे शहर के विभिन्न भागों में नगर निगम एवं जन सहभागिता से सफाई अभियान चलाया गया। सायं 5 बजे रोशनी क्लब भरतपुर के संयोजन में लक्ष्मण मंदिर पर आईपीएस पंकज यादव सीओ सिटी के मुख्य आतिथ्य एवं भारती भारद्वाज आरएएस,एवं अनुराग गर्ग के विशिष्ट आतिथ्य में भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पारुल अठावाल सपना डीगिया ,योगेश शर्मा आदि के साथ बड़ी संख्या में क्लब की महिला सदस्यों की उपस्थिति रही। कार्यकमों की कडी में 16 फरवरी को प्रातः 7 बजे होने वाली एक्सप्लोरिंग घना ऑन फुट प्रतियोगिता एवं 17 फरवरी को राजकीय संठाहालय किला भरतपुर में होने वाली शिक्षाविद् दाऊदयाल स्मृति चित्रकला प्रतियोगिता में अधिक से अधिक सहभागिता करने का आ ान किया।

पश्चिम मध्य रेल
खुली निविदा सूचना
दिनांक 13.02.2025
भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि.मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यो के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या**-ईएल/50/236/2024-25, **कार्य का नाम**-कोटा मंडल-12 मीटर पर शेष 12 एस्केलेटर, दिव्यांगजनों सहित यात्रियों के लिए ABSS के तहत 05 स्टेशनों (SWM-5, BTE-1, GGC-1, HAN-2, RMA-3) पर विस्तृत केंद्रीय FOB का प्रावधान। **अनुमनित लागत (रु. में)**-13,19,07,756.51, **बयाना राशि (रु. में)**-8,09,500/-, **कार्य समाप्ति अवधि**-18 माह, **निविदा प्रस्तुत करने एवं खुलने की दिनांक तथा समय**-10-03-2025 को 15. 00 बजे तक एवं खुलने का समय 15.15 बजे। ऑफर केवल ई-टेण्डरिंग के माध्यम से वेब साईट http://www.ireps.gov.in पर स्वीकार किए जायेंगे। निविदादाता के पास क्लास III डिजिटल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना चाहिए एवं आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुएली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कण्डीशन्स एवं शर्तें अवश्य पढ लें।
**कृते वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)**
**पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा**
स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर